वर्ष-01, अंक-189
छपरा
12 मई रविवार
2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटें मिलेगी:

# चतरा में पीएम मोदी बोले- इंडी वाले अपनी हार मान चुके हैं; भीड़ बता रही है जून के नतीजे



**चतरा,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा के सिमरिया में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि आज की भीड़ बता रही है 4 जून के नतीजे। इंडी अलायंस वाले अपनी हार मान चुके हैं।

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही है।

उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के ठिकानों से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। यहां मंत्री, मंत्री का पीएस, पीएस का भी नौकर भ्रष्टाचार में डूबा है। यहां नोटों के पहाड़ उगाने का काम जेएमएम और कांग्रेस ने किया है।

बेशर्मी देखिए इतने नोट निकलने के बाद शर्म से आंख झूक जानी चाहिए, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। कर्मचारियों के घरों से करोड़ों निकल रहे हैं। मालिकों के घर से कितना निकलेगा।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि ऐसे लोगों पर कौन कार्रवाई कर सकता है। आपका बेटा मोदी ये काम करेगा।

पीएम ने कहा कि ये लोग देश की संपत्ति मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये आपका आरक्षण अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं। आंध्रप्रदेश में इन लोगों ने यही किया। ओबीसी के वोट मुलसमानों को दे दिए।

**इंडी आई तो एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं बचेगा :**बाबा साहेब आंबेडकर धर्म के नाम पर आरक्षण के पक्ष में नहीं थे। लेकिन, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले धर्म के नाम पर आरक्षण देने की कोशिश में है। अगर ऐएमएमए, कांग्रेस और आरजेडी की चली तो एससी-एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण नहीं बचेगा। ये इनका आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देंगे।

**आपके वोट की ताकत मुर्मु देश की राष्ट्पति हैं :** 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम प्रभु राम की भक्ति करते है। बीजेपी ने आदिवासी बेटी को देश का राष्ट्पति बनाया है। वो तीनों सेनाओं को कमान करती है। आप बताइए उनको राष्ट्पति किसने बनाया। मोदी ने नहीं बनाया, आपकी वोट ने बनाया। आपकी वोट की ताकत है कि द्रोपदी मुर्मु देश की राष्ट्पति हैं।

# समस्तीपुर में मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की ली गई तलाशी

## थानाध्यक्ष बोलीं-चुनाव आयोग के निर्देश पर की गई जांच ;कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लगाया पक्षपात का आरोप



**समस्तीपुर,एजेन्सी।** समस्तीपुर संसदीय क्षेत्र के जितवारपुर हाउसिंग बोर्ड मैदान में आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी बीच स्थानीय ष्टह्र और मुफस्सिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में उनके हेलीकॉप्टर की तलाशी ली गई। हालांकि, तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला।

वहीं, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के इस रवैये पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। राजद और कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने हेलीकॉप्टर की तलाशी का वीडियो बना लिया गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### राजद-कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बनाया वीडियो

वायरल हो रहे वीडियो में मुफस्सिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद के अलावा समस्तीपुर प्रखंड के ष्टह्र के साथ अधिकारियों की टीम कांग्रेस अध्यक्ष के हेलीकॉप्टर की तलाशी लेते दिख रहे हैं। इस दौरान अंदर रखे समानों की जांच की गई। राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इसका वीडियो बना लिया, जिस पर थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने ऐतराज भी जताया।

**चुनाव आयोग के निर्देशानुसार नियम के तहत की गई जांच- मुफस्सिल थानाध्यक्ष :** वहीं, जब राजद नेताओं ने इस बारे में मुफस्सिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद से पूछा कि तलाशी क्यों ??की जा रही है, तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आए सभी हेलीकॉप्टर की जांच की गई है।

### सत्ता पक्ष के नेताओं के हेलीकॉप्टर की नहीं ली गई तलाशी- कांग्रेस

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अबू तमीम ने कहा कि समस्तीपुर में आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा चल रही थी। इसी दौरान पुलिस और स्थानीय पदाधिकारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के हेलीकॉप्टर की तलाशी ली। यह प्रशासन का पक्षपात पूर्ण रवैया है। अब तक सत्ता पक्ष के किसी भी नेता के हेलीकॉप्टर की तलाशी नहीं ली गई हैं।

500 रूपए में सिलेंडर और 200 यूनिट बिजली फ्री देंगे

# मुंगेर में बोले तेजस्वी यादव; मुकेश सहनी ने कहा-सम्मान की लड़ाई है, सरकार बदलना होगा





**मुंगेर,एजेन्सी।** मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन से आरजेडी प्रत्याशी कुमारी अनिता के पक्ष में बरियारपुर के महादेवा मैदान में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जहां सभा को संबोधित करते हुए मुकेश सहनी ने बीजेपी पर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि हमलोग एक साथ हैं और आप लोगों से ये अपील करने आए हैं कि कुमारी अनिता के पक्ष में आपलोग मतदान कर लालू जी के हाथों को मजबूत करें।

**हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद पर राजनीति करती है भाजपा :** वहीं तेजस्वी यादव ने संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर बीजेपी को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमलोग सभी को लेकर चलने वाले हैं और कुमारी अनिता धानुक समाज से आती हैं और इनके हाथों को आप लोग मजबूत करें। उन्होंने कहा कि हम 17 महीने में बिहार के लाखों लोगों को रोजगार दिए, लेकिन बीजेपी इन सब पर बात नहीं करती है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले सिर्फ हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद पर नफरत फैलाने को लेकर राजनीति कर वोट हासिल करती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप हमारी प्रत्याशी को जीता कर भेजिए और अगर मेरी सरकार बनी तो दो करोड़ युवाओं को हम रोजगार देंगे। वहीं 500 रूपए में सिलेंडर देंगे एवं 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। अग्निवीर योजना को समाप्त कर स्थायी नौकरी दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमने जाति आधारित गणना कराया। जब हमारी सरकार थी तो पिछड़ा अति पिछड़ा और अन्य को 5 लाख नौकरी दी और 3 लाख नौकरी के अनुशंसा की गई। स्वास्थ्य विभाग में लगातार छापेमारी कर सुधारने का काम किया। 10 साल की एनडीए सरकार में बरियारपुर के लिए क्या किया गया। मुझे डॉक्टर ने बेड रेस्ट करने को कहा है।

### सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होकर सरकार बदलना होगा

तेजस्वी यादव के साथ आज मुकेश सहनी ने भी जनसभा की। मुंगेर में कहा कि यह चुनाव सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि यह सरकार कभी नहीं चाहती कि गरीब , पिछड़े आगे बढ़ सके। आज सम्मान की लड़ाई के लिए एकजुट होकर ऐसी सरकार को बदलना होगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आज लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। यही संविधान है जिसने हमें अधिकार दिया है ।इस क्रम में वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राजद प्रत्याशी कुमारी अनिता, अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव, बीमा भारती, बिट्टू सिंह आदि ने भी जनसभा को संबोधित किया। अध्यक्षता राजद के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी शर्मा के द्वारा किया जा रहा था। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दामाद ने की पत्नी..सास और 2 बच्चों की हत्या



## आरोपी ने पत्थर से कुचला सिर; दो मासूमों ने छिपकर बचाई जान

**मधुबनी,एजेन्सी।** मधुबनी में एक दामाद ने अपनी पत्नी, सास और दो बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के वक्त घर में कुल 6 लोग थे। दो बच्चों ने अपनी जान अनाज रखने वाले कोठी के कोने में छिपकर बचाई। बताया जा रहा है कि आरोपी दुकान खोलने के नाम पर ससुराल वालों से पैसा मांग रहा था।

इसी को लेकर उसका अपनी पत्नी और सास से विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बीच आरोपी पवन महतो ने अपने साथी के साथ मिलकर उसने सो रही अपनी सास प्रमिला देवी (60), पत्नी पिंकी देवी (26), 4 साल की बेटी प्रीति कुमारी और छह माह की बेटी प्रिया को अनाज पीसने वाले जांता के पत्थर और उसके लकड़ी के हैंडल से सिर कुचल दिया।

चारों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दादी के साथ सो रही आरोपी दामाद के साले संतोष महतो के दो बच्चे सुहानी और सचिन इस घटना के समय डर कर पलंग के नीचे छुप गए थे।

वहीं, घटना के बाद आरोपी पवन फरार है। पुलिस की टीम इस घटना की जांच में जुटी है। वारदात झंझारपुर थाना क्षेत्र के सुखेत गांव के बरिशलाल चौक की है।

चौकी के नीचे सहमे बच्चे पिता की आवाज सुनकर बाहर निकले तो उसने बताया कि हम दोनों अपने दादी, दीदी और दोनों बहनों के साथ सोए थे। फूफा ने हमारी बुआ और दादी का मार रहे थे। सभी को मारते हुए देख हमदोनों छुप गए। इस दौरान कुछ भी नहीं बोले।

वह हम लोगों के सामने सभी को मार दिए। वहीं सुबह होते ही घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में फैल गई। देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

**दुकान खोलने के नाम पर पैसा मांग रहा था आरोपी दामाद :**मृतक पत्नी पिंकी देवी के भाई संतोष महतो ने बताया कि उनका जीजा नशेड़ी है। वह उसकी बहन के साथ अक्सर मारपीट करता था और बार-बार पैसा भी मांगता था। 4 साल पहले भी 20 हजार दिए थे। एक बार फिर से दुकान खोलने के नाम पर पैसा मांग रहा था। हम लोग खुद गरीब हैं। हम लोग का पारंपरिक पेशा पेड़ से नीरा उतारने का है।

भाई ने बताया कि उसका जीजा पवन महतो पिछले 10 दिनों से यहीं रह रहा था। रात में पत्नी और मां से झगड़ा के बाद कुछ लोगों बुलाया और हमारे पूरे परिवार को मार डाला।




# परसा में भाजपा के चुनावी प्रधान कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोक सभा आम चुनाव को लेकर परसा में भाजपा चुनावी प्रधान कार्यालय का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर मंत्री जनक चमार,पूर्व मंत्री चंद्रिका राय,विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह व भाजपा नेता राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत नारियल फ़ोड़ कर किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री जनक चमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है।शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क,लोगो को रोजगार की दिशा में संचालित कई योजनाओं से किए गए विकास कार्य से आज देश का नाम विदेशों में भी लिया जाता है।इसलिए देश को और मजबूती प्रदान करने के लिए सारण के प्रत्याशी निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।साथ ही उन्होंने लालू परिवार को वंशवाद की राजनीति की देन बताते हुए कहा कि ये लोग परिवारवाद के बाहर की बातें कभी सोच ही नहीं सकते हैं।इस दौरान उन्होंने महागठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में लगातार दलित समाज पर अत्याचार किया जाता रहा



है। इस सरकार में दलित परिवार सुरक्षित नहीं है। महागठबंधन सरकार दलित व पिछड़ो की विरोधी है।वही पूर्व मंत्री चंद्रिका राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर मजबूती के साथ खड़ा हुआ है।मोदी के प्रति देश वासियों का विश्वास बढ़ा है। जिसके चलते भाजपा इस बार चार सौ पार के नारों के साथ चुनाव में उतरी है।देश के वोटर मिलकर चार सौ के आंकड़े को पर करेंगे।वही भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी को बड़े अंतर से जीत दिलाने की अपील की।वही अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू सिंह,भाजपा नेता राकेश सिंह,जदयू नेता वैधनाथ सिंह विकल ने संयुक्त रूप से उपस्थित कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथों पर मजबूती से जीत दिलाने के लिए लोगो को प्रेरित करने की बाते कही।मौके पर मौजूद भाजपा,जेडीयू कार्यकर्ताओं ने सारण संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी को अधिक मतों से जिताने का संकल्प लिया।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष वैधनाथ सिंह विकल,जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव,अर्जुन सिंह,नगर मंडल अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भूलन सिंह,प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह,बलराम तिवारी,सभापति राय,गया सिंह,तूफान सिंह,विकास सिंह,चंदन सिंह,मंटू बाबा,बृजनंदन राय,शैलेंद्र राय,लोजपा प्रधान सचिव नंदकिशोर पासवान आदि मौजूद थे।



## सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने विभिन्न गांवो में आयोजित चौपाल कार्यक्रम को किया संबोधित

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में दो विचारधारा के लोग आमने सामने खड़े हैं एक तरफ भगवान श्रीराम को अपना आराध्य मानने वाले खड़े हैं तो दूसरी तरफ राम को काल्पनिक बताने वालों की फौज खड़ी है। यह बातें महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने माँझी प्रखण्ड के विभिन्न गाँवों में आयोजित चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। उन्होंने एनडीए को विकास तथा इंडिया गठबंधन को विनाश का पर्याय बतलाया। उन्होंने लोगों से जातिवाद एवम परिवारवाद से ऊपर उठकर देश का सर्वांगीण विकास करने वाले मोदी सरकार को एक बार पुनः केन्द्र में सत्तासीन करने का आह्वान किया। गोबरही शिव मंदिर परिसर में राम नारायण सिंह ने सांसद व कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। प्रखण्ड के साधपुर, जमनपुरा, गोबरही,चेंफुल,चंदउपुर,सरयुपार,एकड़ेंगवा,मुबारकपुर,तथा महम्मदपुर ज्ञानी छपरा मठनपुरा आदि गाँवों में उपस्थित लोगों से सांसद ने सीधा संवाद किया। चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सांसद को चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया। उक्त चौपाल में भाजपा नेता ब्रजेश रमण, कामेश्वर सिंह मुन्ना,हेम नारायण सिंह,धर्मेन्द्र सिंह समाज,गौरव किशन,मकेश्वर सिंह,प्रो शिवाजी सिंह,बीरेंद्र पाण्डेय,अशोक सिंह,मुकेश सिंह,गुड्डू सिंह,प्यारे अंगद तथा नागेन्द्र ठाकुर धर्मेंद्र गुप्ता पिन्टू गुप्ता बबलू प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता आदि मौजूद थे। चौपाल का संचालन जदयू नेता सुनील सिंह ने किया।

## जन सुराज प्रखंड कार्यवाहक समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/अमनौर/सारण।** जन सुराज प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जन सुराज प्रखंड कार्यवाहक समिति की बैठक का आयोजन किया गया.जिसके अंतर्गत हर घर जनसुराज और जन सुराज मिशन एक करोड़ सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई . बैठक में जिलाध्यक्ष रामपुकार मेहता ने कहा कि जन सुराज को हर-घर तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसे हमें हर-घर तक पहुंचकर जन सुराज संस्थापक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है. वहीं मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कहा कि हम पूरे बिहार में एक करोड़ संस्थापक सदस्य बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं. 9721697216 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है.गौरतलब है कि इस टोल-फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के पश्चात जन सुराज की सदस्यता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया



है.इस दौरान भाजपा, जदयू व राजद से आये दो दर्जन से अधिक लोगों ने जन सुराज की सदस्यता ग्रहण किया.जिसमें भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीव सिंह, भानुप्रताप सिंह, ललन सिंह वहीं जदयू के जिला सचिव राज कुमार कुशवाहा, केदार महतो, प्रभुनाथ चौहान, राजद के राजीव कुमार सहित तीस लोगो का नाम शामिल है.जन सुराज में शामिल होने पर सभी लोगों को पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया . वहीं कहा कि इन लोगों को शामिल होने से जन सुराज के विस्तार में बल मिला है.बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, उपाध्यक्ष मनोरमा कुमारी, जिला सचिव संजीत सिंह, जुनालल यादव, प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, प्रखंड किसान सेल के अध्यक्ष महेश प्रसाद यादव, प्रखंड युवाध्यक्ष रणधीर कुमार, महासचिव नीरज कुमार रवि, प्रवक्ता मनोज सिंह सहित दर्जनों लोग शामिल थे.जबकि सभा का संचालन सभापति संतोष पटेल ने किया।

## सोनपुर विधायक ने सारण लोकसभा उम्मीदवार डॉ. रोहिणी आचार्या के समर्थन में किया जनसंपर्क



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद ने शनिवार को इंडिया महागठबंधन समर्थित सारण लोकसभा उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्या के समर्थन में सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर पंचायत के दरियापुर, अकिलपुर, शिकारपुर एवं कल्याणपुर पंचायत के कल्याणपुर, बैजलपुर,सेमरा ग्रामों में जनसंपर्क अभियान चलाया और डॉ रोहिणी आचार्या के पक्ष में वोट मांगा। डॉ रामानुज प्रसाद ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सारण ही नहीं पूरे देश में एनडीए से लोगों का मोह भंग हो चुका है। इस बार केंद्र में इंडिया महागठबंधन समर्थित सरकार का ही गठन होगा। जिससे देश के युवाओ रोजगार एवं नौकरी मिलेगा।साथ ही गरीब,दलित,पिछड़ा, महिलाओं का कल्याण होगा। इंडिया गठबंधन देश बनाने के लिए बना है। डॉ रामानुज प्रसाद ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई , बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा स्वास्थ्य नीति के खिलाफ काम करती है। बिहार में अभी चुनाव के समय भारत के प्रधानमंत्री से पूछा जाए की 2019 में बिहार की जनता ने 40 में 39 सीट दी थी आपने बिहार को क्या दिया। अपने चुनावी सभा में शिक्षा के बारे में ,स्वास्थ्य के बारे में ,बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बारे में क्यों नहीं बोलते हैं। केवल 400 पार के नारा लगा रहे हैं । भाजपा की सरकार पुनः आते ही देश में महंगाई इस तरह से बढ़ोतरी होगी कि गरीबो को कमर तोड़ देगी ।यह पूंजीपतियों की सरकार है। आप लोग इसको देखते हुए ध्यान में रखते हुए इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करें। इंडिया गठबंधन को सरकार बनाएं और डॉक्टर रोहिणी आचार्य जी को सारण से जीत कर संसद में भेजें कि गरीब का आवाज़ उठाएं और क्षेत्र का विकास हो।सारण की जनता विकास व सुरक्षा चाहती हैं ,हवा हवाई बातें नही । डॉ रोहणी आचार्य क्षेत्र के विकास करने का भरोसा दिला रही हैं ।इंडिया महागठबंधन समर्थित सारण लोकसभा उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्या के समर्थन में जन सैलाब उमड़ रहा है। जनसंपर्क में बैद्यनाथ महतो, प्रखंड अध्यक्ष,साधु राजकुमार राय,सुरेंद्र साह, मोज़्नईमुद्दीन, कमलेश राय,रामप्रवेश राय, डॉ सचिन,हरेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### मारपीट की घटनाओं में 13 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में सात महिलाओं समेत 13 लोग घायल हो गए ।घायलों में परसागढ़ गांव के पंकज कुमार, रामपुर विन्दालाल गांव की तेतरी देवी, रामपुर गांव की गुड़िया देवी, नीतीश मांझी, भिखम मांझी, किरण देवी, चड़वा गांव की सबाना खातून, अतरसन गांव गांव के जय नारायण सिंह, असहनी गांव की मुन्नी देवी, इटहरी गांव के भूलन प्रसाद, जैतपुर लखराव गांव की सीता देवी, कमल राय व कटोखर गांव की जैबुन बीबी शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।बताया जाता है कि इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

### जमीनी विवाद में दो पक्षो में जमकर हुई मारपीट,चार लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चार लोग घायल हो गए जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा में किया गया वहीं एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है।घायलों की पहचान उसी गांव के वजीर आलम,मो.मुस्तफा,मुर्तुजा अंसारी व रुखसाना बानो आदि के रूप में हुई है।घायल वजीर आलम को पीएमसीएच रेफर किया गया।घटना को लेकर दोनों पक्षों द्वारा अलग अलग प्राथमिकी दर्ज हुई है।मो.मुस्तफा के बयान पर 9 और प्रबेज आलम के बयान पर 5 लोगों को नामजद किया गया है।पुलिस ने इस संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

### पहलेजा पुलिस ने अपहृत लड़की व लड़का को किया गिरफ्तार

**सोनपुर।** पहलेजा ओपी क्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव के लड़की को शादी के नियत से बहला फुसलाकर लेकर भागने वाले अपहृत युवक के साथ लड़की को पहलेजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । इस बात की जानकारी देते हुए पहलेजा थाना के अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव के लड़की के शादी के नियत से बहला फुसलाकर लेकर भागने वाले अपहृत युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक भरपुरा गांव के निवासी है ।गिरफ्तार युवक को छपरा जेल भेज दिया गया है जबकि लड़की को 164 के बयान के लिए न्यायालय में सोमवार को भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कांड में लड़की और लड़के को भगाने में सहयोग करने वाले रहीमपुर के प्रशांत कुमार को भी रविवार को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया था।

### विश्व नर्स दिवस -सोनपुर के दुर्गम क्षेत्रों में जाकर शत प्रतिशत टीकाकरण में एएनएम अंजू ने निभाई महती भूमिका

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण काल की बातें या चर्चाएं शुरू होती है। तो आम से लेकर खास तक की जुबां पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं नर्सों का ख्याल सबसे पहले आ जाता है। क्योंकि इन्हीं लोगों के बदौलत न जाने कितनों की जिंदगियां वापस लौटी होगी। अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर की उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम कुमारी का कहना है कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान अपनी जिंदगी की चिंता छोड़ कोविड-19 टीकाकरण में अपनी जिम्मेदारियों को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने में स्थानीय अस्पताल की एएनएम अंजू कुमारी आगे रहीं है। क्योंकि कोरोना संक्रमण काल के दौरान एएनएम स्कूल में कोरोंटाइन सेंटर में चौबीसों घंटे रह कर अपने कर्तव्यों को बखूबी निभायी है। हालांकि इसके अलावा कोरोना जांच के साथ ही पंजीकरण की जिम्मेदारियों का डट कर सामना किया है। वहीं जब 15 जनवरी 2021 को टीकाकरण की शुरुआत हुई तो सोनपुर के कसमर पंचायत अंतर्गत दियारा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में जाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण जैसे कार्यों में महती भूमिका निभायी हैं।



## बुनियादी मुद्दों को लेकर मतदान करे सारण लोकसभा क्षेत्र की जनता- अमित नयन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी अमित नयन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सारण लोकसभा सीट के मतदाताओं को संबोधित किया। उन्होंने खासकर पहली बार मतदान करने जा रहे युवक एवं युवतियों को लोकतांत्रिक महापर्व में भागीदार होने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी है।अपने संबोधन में नयन ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिक से अधिक भागीदारी हमारे लोकतंत्र को और मजबूत करेगी। इसलिए ज्यादा से ज्यादा मताधिकार का प्रयोग हो इसकी हम उम्मीद करते हैं। आमजनों के बुनियादी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपना मत दें। किसी के बहकावे में नहीं आए। उन्होंने सारण लोकसभा सभा सीट से वैसे उम्मीदवार को विजयी बनाने की अपील की जो आपकी बुनियादी जरूरत जैसे- सदर अस्पताल के बदहाली को दूर करने, जयप्रकाश यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक परिदृश्य को बदलने, शहर में ऑटो स्टैंड की बंदोबस्ती करने, शौचालय, महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने, अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संसदीय क्षेत्र में कल कारखाने लगवाने, खेलकूद के मैदान को विकसित करने, जाम की समस्या से निजात दिलाने का भरोसा दिलाता हुआ दिखाई पड़े। सामाजिक ध्रुवीकरण एवं जातिवादी मानसिकता से ग्रसित न हो। ऐसे ही सांसद सारण लोकसभा क्षेत्र के साथ साथ देश की जनता के बेहतरी के लिए कारगर होंगे।

### देशी शराब के साथ मा बेटा गिरफ्तार

**परसा(सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर परसा पुलिस ने बथुई गांव में छापेमारी कर दो सौ बीस लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज मा बेटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दो सौ बीस लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज मा बेटा बथुई गांव निवासी मुख्तार सिंह की पत्नी किरण देवी व उसके पुत्र सुमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । वही सीओ की उपस्थिति में पुलिस पदाधिकारी ने गिरफ्तार तस्कर के घर को सील कर दिया है।

### नायगांव पुलिस ने देसी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** नयागांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत शोभेपुर दियारा इलाके में नयागांव पुलिस ने एक युवक को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने शनिवार को बताया कि 10 लीटर देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार शराब कारोबारी अमित कुमार पिता धर्मनाथ राय घर बस्ती जलाल जान थाना दिघवारा जिला सारण के निवासी को छपरा जेल भेज दिया गया है।

## मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने को लेकर बीईओ ने की प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) को शीघ्र उपलब्ध कराने को लेकर प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) के सभागार में शनिवार को प्रखंड व नगर क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एकमा अंचल-1 की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी व संचालन एकमा अंचल-2 के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने किया।

बैठक में एकमा के दोनों अंचल के बीईओ ने सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ) को उपलब्ध कराने का निर्देश दिए।

बीडीओ रागिनी कुमारी ने कहा कि सामुदायिक भवन अथवा अन्य स्थानों पर स्थापित मतदान केन्द्रों पर फर्नीचर व रसोईया की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की जवाबदेही नजदीकी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की होगी। 15 मई को मतदान केंद्रों पर रसोईया व एएम एफ की सुविधाओं मॉक टेस्ट कराया जाएगा।




इस दिन रसोईया अपने मतदान केंद्रों पर परिचय पत्र के साथ उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन आम मतदाताओं व मतदान दल के कर्मियों को आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने की जवाबदेही सभी संबंधित प्रधानाध्यापकों की है। समय रहते मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर, व्हीलचेयर, रैंप व रसोईया आदि की सुविधा नहीं उपलब्ध कराने वाले प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसलिए समय रहते सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराना सभी एचएम सुनिश्चित करेंगे। बीईओ ने कहा कि मतदान के एक दिन पहले मतदान दल के ठहराव के लिए बूथ वाले भवनों की चाभी जिसके पास रहेगा उसका नाम व मोबाइल नंबर उपलब्ध करा दिया जाए। विद्यालय से इतर जिन भवनों में बूथ निर्धारित है, वहां बगल के विद्यालय से रसोइयों को भोजन बनाने के लिए तैनात किया जाएगा।

उन्होंने इससे संबंधित अन्य निर्देशों को देते हुए कहा कि बीईओ द्वारा खुद इसकी मानीटरिंग सोमवार से विद्यालय के भ्रमण के दौरान किया जाएगा। बैठक में प्रधानाध्यापक व्यास सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, शैलेश कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रहलाद महाराज, संजय भारती, कमल कुमार सिंह, लखन लाल प्रसाद, सुजीत कुमार सिंह, सच्चिदानंद आजाद, उमेश सिंह, अमितेश कुमार सिंह, सुनील तिवारी, जितेन्द्र कुमार सिंह, गायत्री कुमारी, कुमारी प्रियंका, पूनम कुमारी, रामप्रकाश महतो आदि अन्य स्कूलों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक शामिल हुए।

# भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने किया रोड शो, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए आमजन को किया आमंत्रित

*छपरा विधानसभा क्षेत्र में रुडी ने किया 12 किमी का रोड शो, रुडी ने मढ़ौरा प्रखंड के 9 पंचायतों की बैठक, पंचायत संयोजक व सैकड़ों कार्यकर्ता थे मौजूद, ढ़ोल-नगाड़े के साथ रोड शो भिखारी चौक से शुरू, 42 स्थानों पर स्वागत हुआ*

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने छपरा में रोड शो किया। रुडी शनिवार को छपरा के भिखारी ठाकुर चौक पहुंचे जहां से ढोल नगाड़ों के बीच उन्होंने समर्थकों के साथ रोड शो निकाला। रोड शो में जोश व उत्साहित उमड़ी भीड़ ने भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से पक्ष में मतदान करने की अपील की। रुडी का रोड शो गांधी चौक होते हुए नेहरू चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए आमजन को आमंत्रित किया।

इसके पूर्व मढ़ौरा प्रखण्ड के भावलपुर, नौतन, हसनपुरा, शिल्हौड़ी, अवांरी, बरदहियां, तेजपुरवां, गलिमापुर और मिर्जापुर पंचायतों के कार्यकर्ताओं की बैठक की। बैठक में रुडी के साथ मिना अरूण, हर्षबर्द्धन दिक्षीत और सभी पंचायतों के संयोजक सतीश सिंह, संजीव कुमार निकु, तेजनारायण सिंह, कन्हैया साहनी, अनिल शर्मा, बबलू सिंह, धर्मनाथ सिंह, पप्पु सिंह, शिवप्रसन भारती, रितेश रंजन, सुनिल तिवारी, विरेन्द्र शुक्ला, अनिल कुमार पाण्डेय, संजय सिंह, लाल साहेब मांझी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में प्रधानमंत्री की जनसभा और घर-घर से लोगों को आमंत्रित करने पर कार्यकर्ताओं के साथ विमर्श हुआ। बैठक के बाद रुडी भिखारी ठाकुर चौक पहुंचे जहां रोड शो शुरू



हुआ और पासी टोला, बिन्द टोला, गांधी चौक, मौना पकड़ी, मौना चौक, साढ़ा रोड होते हुए कचहरी स्टेशन, योगिनियां कोठी, नगरपालिका चौक, जेपीएम कॉलेज, दारोगा राय चौक, भरत मिलाप चौक, भगवान बाजार चौक, धर्मनाथ मंदिर द्वार, काशी बाजार, राजेन्द्र कॉलेज गेट, गुदरी मोड़, गुदरी बाजार, टक्कर मोड़, बुट्टी मोड़, दौलतगंज, धर्मनाथ मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, बहुरिया कोठी कटरा, अस्पताल चौक, पीर बाबा होते हुए मालखाना चौक, महमूद चौक होते हुए रामराजचौक, नारायण चौक, थाना चौक, साहेबगंज सोनारपट्टी, प्रकाश ओरनामेंट, कटहरी बाग, रावल टोला, रावलटोला से वापस होते हुए रामबाबू मोड़, नेहरू चौक होते हुए विभिन्न क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान जगह -जगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया।

## जनता बाजार में सेक्स रैकेट का खुलासा, आपतिजनक स्थिति में पांच युवक युवतियां पकड़े गये

**दैनिक खोज खबर/लहलादपुर(सारण)।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के नदिया पार बाजार में पुलिस ने एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने एक मकान से पांच युवक व पांच युवतियों को आपतिजनक स्थिति में पकड़ा है। मौके से होटल से एक डायरी जिसमे देह व्यापार से जुड़ी कई कॉल गर्ल की मोबाइल नंबर, सेक्स वर्धक दवाइयां, कंडोम एवं अन्य आपतिजनक चीजों को भी पुलिस ने जब्त किया है। होटल के बाहर खड़ी करीब आधा दर्जन बाइकों को भी जब्त किया गया है। जब्त सभी बाइकों पर पुलिस ने यातायात नियमों के तहत फाइन किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने पीएम नरेंद्र मोदी के छपरा दौड़े को ले होटल एवं रेस्टोरेंट में सर्च अभियान चलाया। पुलिस को इसी दरम्यान नदिया पार बाजार में रेस्टोरेंट के नाम पर चल रहे एक होटल में सेक्स रैकेट पकड़ा गया। छापेमारी के दरम्यान पुलिस यह देख दंग रह गयी की देह व्यापार में लिप्त युवक व युवतियां दूसरे जिले के है। दो लड़कियां तो काफी कम उम्र की व स्कूल गोइंग मिली। पुलिस ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है। उनमें मशरक थाना का राजा बाबू, सीवान जिले के भगवानपुर थाना के सकरी गांव का मुन्ना खान, बनकट गांव का रिशु कुमार, बसंतपुर थाना के खोरी पाकड़ गांव का क्रिस कुमार, महराजगंज थाना के इन्दौली गांव का धीरज कुमार शामिल है। पकड़ी गयी पांच युवतियों में एक स्थानीय थाना की है जबकि अन्य अलग अलग थाना क्षेत्रों की है। हालांकि मौके से होटल संचालक फरार हो गया। जनता बाजार थानाध्यक्ष प्रीति राज ने बताया की मामले में वरीय अफसरों के निर्देश पर प्राथमिकी की जायेगी। पुलिस की इस कारवाई के बाद कई रेस्टोरेंट व होटल संचालकों ने सभी रुम को खाली करा दिया।

## बनियापुर में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट की घटना के बाद दुकानदारों में भय व्याप्त

**बनियापुर (दैनिक खोज खबर)।** बनियापुर में दिनदहाड़े ज्वेलरी दुकान में लूट की घटना के बाद दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है। शनिवार को ग्राहक बनकर आये लुटेरों ने बनियापुर में ज्वेलरी दुकान से लगभग एक लाख रुपये मूल्य के आभूषण लूट लिया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जाता है कि दोपहर दो बजे के करीब एक ही बाइक पर सवार होकर दो लुटेरे ज्वेलरी दुकान पर आए थे। दोनो लुटेरे इत्मीनान से दुकान में बैठ गए फिर झुमका खरीदने की बात दुकानदार से कही। ग्राहक समझकर दुकानदार ने झुमका दिखाया। लुटेरों ने पायल और फिर कान की बाली भी देखने के लिए मांगी। इसके बाद देखने के लिए मांगी गई सभी आभूषणों को दोनो ने एक झोला में रख लिया। आभूषण को झोले में रखने देख दुकानदार ने विरोध किया। जिसके बाद दोनो ने देशी कट्टा दिखा दुकानदार को भयाक्रांत कर काउंटर में पड़े अन्य आभूषण भी झोले में रख फरार हो गए। लुटेरों के जाने के बाद दुकानदार रोना चिल्लाना शुरू किया। पीड़ित दुकानदार के रोते चिल्लाते देख आसपास के दुकानदार मौके पर पहुंचे थे। तब लूट की घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिली। घटना को लेकर कई तरह की चर्चा की जा रही है। समाचार प्रेषण तक दुकानदार द्वारा प्राथमिकी हेतु आवेदन नहीं दिया गया है।

## चैनपुर पावर ग्रिड के परिसर में जंगलों में लगीं भीषण आग



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव अवस्थित पावर ग्रिड के परिसर और पीछे के चवर में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर तरैया, पानापुर, मशरक की फायर ब्रिगेड टीम ने घंटों की मशक्कत से आग पर काबू पाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने बताया कि चैनपुर गांव अवस्थित उच्च क्षमता के पावर ग्रिड जो मशरक, तरैया, पानापुर, इसुआपुर और बनियापुर को उच्च क्षमता का विधुत आपूर्ति करता है। उसी के पीछे चंवर में जंगलों में किसी ने आग लगा दी। आग ने तेज पुरवा हवा की बदौलत विकराल रूप धारण कर लिया और पावर ग्रिड के अंदर जंगलों और पेड़ पौधों में भी लग गई।



## बीएलओ घर-घर जाकर दें रहें हैं मतदाता पर्ची

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग निर्धारित है। सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची जारी किया जाना है। पर्ची का वितरण बीएलओ के बीच शिक्षक अरुण कुमार पाठक उर्फ विक्की बाबा के द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची तथा वोटर गाइड का वितरण करना शुरू कर दिए हैं वहीं 25 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करेंगे। आपको बता दें कि पर्ची मतदान के लिए दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं की जाएंगी।

## हनुमंत महायज्ञ का हुआ समापन

**दैनिक खोज खबर/मांझी ।** प्रखण्ड के बलेसरा गांव स्थित संकट मोचन मंदिर परिसर में शुक्रवार को आचार्य शांतनु मिश्रा व प्रकाश बाबा के देखरेख में हनुमंत महायज्ञ के समापन के बाद रात में संगीत के दुगोला मुकाबले का आयोजन किया गया। जिसमें यूपी बलिया के गायक सुरेंद्र सिंह एवं रिविलगंज के हेमंत गिरी ने अपनी बेहतरीन गायकी से दर्शक श्रोताओं को रात भर झुमाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्थानीय व्यास रवींद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजन समिति की ओर से दोनों गायक कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद पहले बलिया के गायक सुरेंद्र सिंह ने सरस्वती व गणेश वंदना से अपनी गायकी की शुरुआत में हीं दर्शक श्रोताओं का दिल जीत लिया। वहीं रिविलगंज के हेमंत गिरी ने भी अपनी बेजोड़ प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भक्ति गीत आदि के साथ सदाबहार चैता का भी आनंद उठाया। दोनों गायकों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से दर्शक श्रोता देर रात तक अपने स्थान पर जमे और झूमते रहे। कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामीणों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया गया। मौके पर संतोष सिंह, कामेश्वर सिंह, गोलू सिंह, भोलू सिंह, बाबू सिंह, राहुल सिंह, पिंटू सिंह, विवेक सिंह, संतोष सिंह, राजेश यादव, नरेंद्र सिंह, कुणाल सिंह, टुनटुन सिंह, राज नारायण यादव, विद्यापति सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



## बनियापुर रेफरल अस्पताल में खसरा और पोलीओ को लेकर किया गया विशेष चर्चा

**बनियापुर (दैनिक खोज खबर)।** शनिवार को बनियापुर रेफरल अस्पताल में एक दिवसीय कार्यशाला शिविर लगाया गया जिसमें खसरा और पोलियो को लेकर विशेष चर्चा किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ एमएम जाफरी ने बताया की पोलीओ एक वायरस के द्वारा मानुषयों में पाया जाता है और बीमारी पैदा करता है इससे बचने के लिए सभी प्रकार की सावधानीयां बरतनी पड़ेगी। मौके पर उपस्थित स्वास्थ प्रबंधक अजीत कु.डब्लू.एचओ.स्टाफ डॉ मो इलताफ हुसैन, मिथलेश कुमार नितेश कुविनय कु.विकास कुअनिल कु.वकार अंसारी, राहुल कुमार आदि ग्रामीण चिकित्सक बैठक में शामिल हुए।

## दस लीटर देसी शराब के साथ एक विक्रेता गिरफ्तार

**दाउदपुर(मांझी)।** दाउदपुर पुरानी चट्टी पर पुलिस ने छापेमारी कर दस लीटर देसी शराब के साथ एक विक्रेता को गिरफ्तार किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार विक्रेता स्वयोगेंद्र चौधरी का पुत्र जितेंद्र चौधरी है। जिसे कानूनी प्रकिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## रौजा ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में सत्तू के भंडारा आयोजित, कई प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालु भक्त

**डोरीगंज/छपरा (सारण)।** छपरा शहर के रौजा ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम में शनिवार को संतो और श्रद्धालुओं के बीच सत्तू के भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिहार और बिहार के बाहर से आए आश्रम के स्वामी, महात्मा एवं भक्तो ने सत्तू के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व आश्रम पहुंचे श्रद्धालुओ ने पंथ के गुरु का दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।भंडारे में स्वामी संतों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुओं लोग भी आश्रम पहुंचे थे। अनुमान के अनुसार आश्रम में विभिन्न जिलों और प्रदेशों से आए एक हजार से अधिक लोगों ने सत्तू के भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया।

छपरा के ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम कि स्थापना 2005 की बताई जाती है। आश्रम के निर्माण के उपरांत यहा 2007 से भंडारे को शुरु किया गया था। इस दौरान मढ़ौरा के चिकित्सक डा.बीके सिंह, महात्मा व्यासानंद जी महाराज, शब्द योगानंद जी महाराज, माधवप्रकाशानंद जी महाराज, श्रेष्ठानंद जी महाराज, संपूर्णानंद जी महाराज सहित अन्य महात्मा उपस्थित थें।



## दो वारंटी गिरफ्तार

**नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर से खैरा पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भी दियाउक्त दोनो वारंटी उमेश सिंह तथा पत्नी वासंती देवी शामिल हैवहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की पूर्व के केश में फरार चल रहे थेजिसे छापेमारी कर गिरफ्तार कर दोनो को जेल भेज दिया गया.

## शराबी गिरफ्तार

**नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के खोदाईबाग बाजार पर शराब पीकर उत्पात मचा रहे एक शराबी को खैरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दियाउक्त शराबी ओल्हनपुर निवासी विजय राय बताया जाता हैवहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की शराब पीकर उत्पात मचा रहे थासूचना पर गिरफ्तार शराब पीने की पुष्टि होने पर उसे जेल भेज दिया गया.

## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार , स्कुटी जब्त

**नगरा।** खैरा थाना क्षेत्र एसएसटी प्वाइंट कृष्णा चौक से खैरा पुलिस ने 120 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया.उक्त गिरफ्तार धंधेबाज थाना क्षेत्र के लोहा तोला गांव निवासी संजय राय बताया जाता हैवहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया की वाहन जांच के दौरान करवाई की गई हैक़रवाई में एक स्कूटी व शराब जब्त की गई है ,तथा एक अन्य फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## फिर एक बार मोदी सरकार को लेकर जनता संकल्पित- जनार्दन सिंह सिग्रीवाल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल लगातार क्षेत्र भ्रमण पर है। विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के क्रम में तरैया प्रखंड के माधोपुर पंचायत के मुखिया व जदयू नेता सुशील कुमार सिंह के अरदेवा स्थित आवास पर शुक्रवार की देर संध्या पहुचे श्री सिग्रीवाल ने एक सभा को संबोधित किया और कहा कि देश में एक बार फिर मोदी की लहर हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य से देश की जनता आश्वस्त हैं। देश की उन्नति के साथ देश की जनता जनार्दन के लिए कई लाभकारी योजनाएं लागू किया है, जैसे मुफ्त में अन्तोदय योजना, उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल विद्युत ज्योति योजना , किसान समृद्धि योजना सहित कई सारी योजनाएं का लाभ सीधे लाभुक तक पहुंच रहा है। देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सुदूर क्षेत्र में रह रहे है उन सभी लोगों तक पहुंचे जो उनके हकदार हैं। देश की 140 करोड़ जनता संकल्पित है कि देश की उन्नति एवं विकास के लिए फिर एक बार मोदी सरकार को ही मतदान कर चुनाव किया जाए। आगे उन्होंने कहा कि 25 मई को एनडीए के पक्ष में मतदान कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करें और केंद्र में एक बार फिर मजबूत सरकार बनाएं। मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता त्रिभुवन तिवारी, भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता पप्पू सिंह सिग्रीवाल, धीरज सिंह माधोपुर पंचायत के मुखिया सह जदयू नेता सुशील कुमार सिंह, संजय सिंह, आनंद मोहन सिंह उर्फ गार्ड साहब, मिथलेश कुमार सिंह, मनी प्रताप सिंह, समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।





# एनडीए प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी ने जनसंपर्क कर जीत का मांगा आशीर्वाद

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** संसदीय क्षेत्र की एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी विजय लक्ष्मी देवी ने शनिवार को सदर प्रखंड के सरावे,अधैला,कैराताल,0भटवलिया, बघाड़ा,0फुलवरिया,0धनौती,चनौर, भंटापोखर, चकरा, अखैनिया, मझवालिया, श्रीस्तापुर, हसनपुरवा, भादा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र की विकास के लिए एक बार हमें आपलोग मौका दें।मैं आपके उम्मीदों पर पूर्ण रूप से खर्रा उतर क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूंगी। इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए एनडीए प्रत्याशी की जीत जरूरी है। जब नेतृत्व मजबूत होगा तो देश, प्रदेश एवं क्षेत्र का अवश्य विकास होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से एनडीए प्रत्याशी को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। हमारी जीत भारी मतों से होगी। इस मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। मतदाताओं ने एनडीए प्रत्याशी के जीत का आश्वासन दिया।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)** =थाना क्षेत्र के मड़कन निवासी जनार्दन सिंह ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही चार लोगों पर मारपीट कर घायल करने तथा सोने की चेन छीन लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि पांच मई की सुबह अपने पुत्र आशु सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था। तभी गांव के रितेश सिंह, चुमन सिंह, सिंपल देवी एवं मुस्कान देवी जगत साह के घर के पास घेरकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। तथा मेरे पाके से 10 हजार रुपये एवं गले से सोने की चेन जिसकी कीमत 70 हजार है छीन लिए। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## कांग्रेस नेता के निधन पर शोक व्यक्त

**दारौंदा (सिवान)** =प्रखंड के अभुई निवासी सह कांग्रेस नेता बच्चा तिवारी का निधन शुक्रवार की शाम हृदयगति रुकने से हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता समेत आम लोगों शोक की लहर दौड़ गई। सभी मृतक के घर पहुंच शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। शोक व्यक्त करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विद्युशेखर पांडेय, विनय सिंह, राजद नेता मुन्ना शाही, मनु भारती, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनंत तिवारी, जब्बार हुसैन, मोहम्मद हक, अखिलेश पांडेय, आजाद हुसैन आदि शामिल हैं। वहीं महाराजगंज विधायक विजय शंकर दुबे ने उनके घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राजाराम सिंह, इम्तियाज अहमद, युवा नेता सत्यम दुबे, करुणापति मिश्र, रामनारायण पाठक आदि शामिल थे।

## शतचंडी महायज्ञ को निकली कलश यात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**हसनपुरा (सिवान)** = प्रखंड के लहेजी पंचायत के गढ़देवी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को ले शनिवार को गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़े के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में क्षेत्र में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकल कर लहेजी बाजार, लहेजी गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के समीप पहुंची जहां तालाब से जल भरकर पुन= यज्ञ स्थल पर लौटी। इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वाराहर-हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान, जय माता देवी के जयकार करने से वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर पहुंचते ही महायज्ञ की शुरुआत हो गई। आचार्य लक्ष्मी निधि मिश्रा ने बताया कि महायज्ञ की पूर्णाहुति 19 मई को की जाएगी। महायज्ञ के दौरान रामलीला व रासलीला के साथ वृंदावन से पधारे अमित शास्त्री के मुखारबिंद से प्रवचन होगा। शतचंडी महायज्ञ के यजमान के रूप में जितेंद्र यादव व उनकी पत्नी के अलावा राम प्रवेश मांझी, रामाधार मांझी, अमरजीत मांझी, उपेंद्र माली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 48 घंटा बाद भी सीएसपी संचालक का सुराग नहीं

**महाराजगंज (सिवान)** =थाना क्षेत्र के बंगरा निवासी सह सीएसपी संचालक शंभू प्रसाद के संदिग्ध परिस्थिति में लापता होने की घटना के 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने से स्वजन काफी चिंतित हैं। स्वजनों को अनहोनी की आशंका सता रही है। वहीं इस बीच सिवान पुलिस ने शंभू प्रसाद की गुमशुदगी की सूचना जारी कर दी है तथा उनकी बरामदगी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। इस घटना के बाद सीएसपी संचालक की पत्नी कुमारी प्रतिमा सहित अन्य स्वजन चिंतित हैं। ज्ञात हो कि शंभू प्रसाद के चचेरे भाई सिवान जिला सत्र न्यायाधीश के कार्यालय में कार्यरत हैं। वे इसी घटना को लेकर काफी चिंतित हैं। ज्ञात हो कि उनकी मोबाइल सराय थाना क्षेत्र के डान बास्को स्कूल के समीप एक झाड़ी से तथा उनकी बाइक एक रिश्तेदार के पंक्चर दुकान से बरामद की गई थी। घटना के बाद सराय थाना एवं महाराजगंज थाने की पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।वहीं शंभू प्रसाद महाराजगंज में एसबीआइ का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। उन्हें दो दिन से गायब होने सीएसपी केंद्र में ताला लगा हुआ है। वहीं ग्राहक कार्य के लिए आते हैं एवं सीएसपी बंद होने पर निराश होकर लौट जा रहे हैं। ज्ञात हो कि यह केंद्र बहुत पुराना है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक राशि की लेनदेन करते हैं।

## धर्म परिवर्तन की सूचना पर प्रशासन ने की छापेमारी

**सिवान।** असांव थाना के गहिलापुर गांव में शनिवार को कई सालों से चल रहे धर्म परिवर्तन की सूचना पर सीओ नीलम कुमारी व थानाध्यक्ष रवि कुमार द्वारा दलबल के साथ छापेमारी की गई। पुलिस को देख चर्च में आए हुए महिला व पुरुषों में भगदड़ मच गई। सभी इधर उधर भागने लगे। इस संबंध में सीओ ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेश पर छापेमारी की गई है। साथ ही चर्च को चलाने वाले संचालक को चेतावनी दी गई है कि अगर दोबारा इस तरह का कार्य कराया गया तो प्राथमिकी कर गिरफ्तारी की जाएगी। जानकारी के अनुसार शनिवार व बुधवार को हजारों की संख्या में महिला व पुरुषों का भीड़ उमड़ती है। शनिवार को काफी संख्या में चर्च में महिला और पुरुष पहुंचे थे। चर्चा के अनुसार इस चर्च में सबसे अधिक पीड़ित व परेशान लोग आते हैं। इसी बीच इसकी भनक मिलते ही प्रशासन ने छापेमारी कर दी है।

## बीएलओ के बीच मतदाता पर्ची का वितरण

**आंदर (सिवान)**= प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार बीडीओ कुणाल कुमार की देखरेख में शिक्षक विनोद कुमार सिंह एवं आदित्य कुमार द्वारा सभी बीएलओ के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। इस दौरान सभी बीएलओ को हर घर दस्तक अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया गया ताकि इस लोकतंत्र के महापर्व भी सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। इस मौके पर नाजिर विजय कुमार, कार्यपालक सहायक सुमंत कुमार शर्मा, सोनू कुमार, सतीश पाठक, आत्मानंद पाठक, राजीव कुमार समेत दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

# बुनियाद केंद्र में 11 हजार से अधिक लोगों की हो चुकी फिजियोथेरेपी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** =प्रखंड कार्यालय परिसर में राज्य सरकार द्वारा बुनियाद केंद्र की स्थापना किए जाने से अनुमंडल स्तरीय फिजियोथेरेपी की जरूरतमंदों का मुफ्त में फिजियोथेरेपी विशेषज्ञों द्वारा की जा रही है। यह बुनियाद केंद्र अनुमंडल स्तरीय है। यह आरंभ में महाराजगंज में कुछ दिनों तक संचालित हुआ, लेकिन अपना निजी भवन नहीं होने के कारण इसे भगवानपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। बिहार सरकार के सौजन्य से संचालित इस बुनियाद केंद्र में वृद्ध, दिव्यांग एवं विधवा का फिजियोथेरेपी की प्राथमिकता है। इस केंद्र के प्रबंधक तुफैल अहमद ने बताया कि अब तक करीब 11 हजार से अधिक लोगों की फिजियोथेरेपी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मशीन एवं हाथ के सहयोग से फिजियोथेरेपी किया जाता है। विशेषज्ञ डा. गुलाम जलानी द्वारा फिजियोथेरेपी, एक्सरसाइज फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी आदि कराया जाता है। इस केंद्र पर जरूरतमंदों को परामर्श भी दिया जाता है। इसके अलावा श्रवण बाधित दिव्यांग के श्रवण यंत्र की जांच भी की जाती है। शनिवार को इस केंद्र में उपचार हेतु पहुंचे ओमप्रकाश गुप्ता, श्रीराम सिंह, ललन सिंह, गौरी देवी आदि ने बताया कि यह गरीबों के लिए वरदान साबित हुआ है। ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह बुनियाद केंद्र स्वास्थ्य सेवा में क्षेत्र के लिए कारगर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार किसी निजी क्लीनिक में फिजियोथेरेपी कराने में कम से कम एक हजार रुपया खर्च हो जाते हैं जो गरीबों के लिए काफी महंगा साबित होता है, इस केंद्र में मुफ्त में यह सेवा मिल रहा है। इस केंद्र कुल छह कर्मी तैनात किए गए हैं।

## विद्यालय के निरीक्षण में अनुपस्थित कई शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटा

**बड़हरिया (सिवान)** =जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रधान लिपिक रंजय कुमार द्वारा नौ मई को करीब 10 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया था। इस क्रम में अनुपस्थित मिले प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों से शोकाज किया गया है। साथ ही दो दिन के अंदर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जवाब देने को कहा गया है। वहीं निरीक्षण के दिन का वेतन भुगतान की कटौती की गई है।

जानकारी के अनुसार जिन विद्यालयों की जांच की गई है, उसमें मध्य विद्यालय भलुआ, मध्य विद्यालय बालापुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय सदरपुर, मध्य विद्यालय पहाड़पुर, मध्य विद्यालय महमूदपुर, मध्य विद्यालय कनहर, मध्य विद्यालय तिलसंडी, मध्य विद्यालय फखरुद्दीनपुर, मध्य विद्यालय हरदोबारा, मध्य विद्यालय दीनदयालपुर शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय भलुआ में शिक्षक रामजीवन भारद्वाज को छोड़कर सभी शिक्षक अनुपस्थित थे, वहीं मध्य विद्यालय बालापुर में अखिलेश कुमार व अभय कुमार अनुपस्थित थे। जबकि उच्च माध्यमिक सदरपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मंडल व शिक्षिका श्रीकांति देवी भी अनुपस्थित पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मध्य विद्यालय पहाड़पुर एमडीएम रजिस्टर में व्हाइटनर लगाकर कटिंग किया गया था, मध्य विद्यालय महमूदपुर में पांच शिक्षक-शिक्षिका अनुपस्थित थे। वहीं मध्य विद्यालय कनहर में एमडीएम पंजी मूल्यांकन पंजी संधारित नहीं था। मध्य विद्यालय तिलसंडी में एक शिक्षक अनुपस्थित थे तथा एमडीएम रजिस्टर संधारित नहीं था। मध्य विद्यालय फखरुद्दीनपुर में एमडीएम नामांकन पंजी संधारित नहीं था। प्राथमिक विद्यालय हरदोबारा में एमडीएम नामांकन संधारित नहीं था। मध्य विद्यालय दीनदयालपुर में साफ सफाई और मिशन दक्ष की कक्षाएं नियमित संचालित नहीं थी।

## मानव शृंखला बना मतदाताओं को किया गया जागरूक

**दारौंदा (सिवान)** =प्रखंड के विभिन्न गांवों में शनिवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा मानव शृंखला बना मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके तहत शनिवार को हर घर दस्तक अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ एवं पंचायत क्षेत्र के कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। इसके तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों व मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस मौके पर बीएलओ एवं कर्मियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## रंगोली बना मतदाताओं को किया गया जागरूक

**आंदर (सिवान)**= प्रखंड के गौरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह की देखरेख में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोकसभा चुनाव को ले 25 मई को होने वाले मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विद्यालय में रंगोली बना मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि बीडीओ कुणाल कुमार के आदेश पर जागरुकता अभियान चलाया गया है। इस मौके पर विद्यालय परिसर में शिक्षक व शिक्षिकाओं रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में मतदाता उपस्थित थे।

## अभाविप ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**सिवान।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गोरेयाकोठी नगर इकाई के महाराजगंज जिला संयोजक हिमांशु कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से बिहार उत्तर प्रांत के प्रदेश सह मंत्री मनोज कुमार गुप्ता थे। मनोज कुमार गुप्ता ने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि इस लोकतंत्र में हमारी जो भागीदारी है उस भागीदारी को बखूब निभाएं और 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करें और लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें । मतदाता जागरुकता अभियान गांव-टोला, कोचिंग संस्थान इत्यादि समेत अन्य जगहों पर चलाया गया। इस मौके पर गोरेयाकोठी नगर इकाई के नगर मंत्री प्रवीण दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जूही कुमारी तथा जैन शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी चांदनी कुमारी, अनु कुमारी, रागिनी कुमारी, तबस्सुम खातून, आरती कुमारी, रुपाली कुमारी, अभिजीत कुमार, गोलू आलम, आदित्य कुमार यादव, नितेश कुमार, राहुल कुमार, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

# बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बना मां को लिखी दिल की बात

**मैरवा(सिवान)** = मदर्स डे पर अपनी मां देने के लिए एक निजी विद्यालय के छोटे- छोटे बच्चों ने खुद अपने हाथों से ग्रीटिंग कार्ड बना कर उस पर मां के लिए अपने दिल के जज्बात लिखे। रविवार को सभी बच्चे अपनी मम्मी को ग्रीटिंग देकर उनकी दीर्घायु की कामना करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। मैरवा नई बाजार स्थित एक निजी प्ले स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों ने मदर्स डे पर अपनी मां को भेंट करने के लिए एक से बढ़कर एक आकर्षक कार्ड बनाएं। मई के दूसरे रविवार को बच्चे अपनी मां के साथ मदर्स डे सेलीब्रेट करते हैं। मदर्स डे के लिए विद्यालय के बच्चों ने शिक्षिकाओं के निर्देशन में खुद अपने हाथों से सुंदर कार्ड तैयार किए और उस पर जज्बाती बातें लिखीं। प्राचार्य प्रीति सिंह ने दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता मां का अपनी संतान के साथ होने की बात कही। उन्होंने सदैव मां-बाप के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के साथ सेवा का संदेश बच्चों को दिया। वहीं मातृ दिवस पर अध्यापिकाओं ने बताया कि मां अपने बच्चों से बेपनाह प्यार करती है और बच्चों को भी उनकी चिंता करनी चाहिए। मदर्स डे का महत्व समझाते हुए उन्हें सेलिब्रेट करने के कई टिप्स बताए। ग्रीटिंग कार्ड बाना हृदय के उद्गार लिखने वालों में आराध्या, नव्या, वंश, दिव्यांश, तन्मय, अयाची, अंशी, अंश, अयांश आदि शामिल थे। उनका सहयोग शिक्षिका पल्लवी जायसवाल, रोशनी बर्णवाल , पूजा साव, सोनल जायसवाल व वंदना श्रीवास्तव ने किया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**बड़हरिया (सिवान)** = प्रखंड के बहुआरा कादिर पंचायत के शिवराजपुर गांव में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविका सरिता कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को वोट के महत्व को बताते हुए 25 मई को अपने-अपने केंद्रों पर पहुंच मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान सेविकाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर उन महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर काफी संख्या में सेविका-सहायिका एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

## आब्जर्वर ने चुनाव संबंधी कार्यों को पदाधिकारियों संग की बैठक

**महाराजगंज (सिवान)** =मुख्यालय स्थित अनुमंडल कार्यालय में शनिवार को जेनरल आब्जर्वर आइएएस तुलसी मेदिनी ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों पर पानी, भवन, शौचालय, बिजली आदि की व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने खम्हौरी मतदान केंद्र संख्या 18, 19 और बजरहियां मतदान केंद्र संख्या 20, 21 का जायजा लिया और समुचित पानी, शौचालय, बिजली आदि व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। वहीं एसकेजेआर हाई स्कूल में बने डिस्पैच सेंटर भी पहुंचे चुनाव से संबंधित प्रत्येक बिंदुओं पर जानकारी ली। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार रंजन, बीडीओ डा. रवि रंजन, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह, डीसीएलआर रामरंजय सिंह, तरवारा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार, महाराजगंज थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा आदि मौजूद उपस्थित थे।

## बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारी व बीएलओ को दिए कई निर्देश

**भगवानपुर हाट (सिवान)**= प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार विशाल की अध्यक्षता में बीएलओ एवं सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान बीडीओ ने मतदाता पर्ची वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका एवं वितरण पंजी में रिसीविंग प्राप्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही एएसडी पर्ची एवं अवितरित पर्ची को हर हाल में 18 मई तक प्रखंड कार्यालय में जमा कर देने का भी निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि सभी बीएलओ अपने पोषक क्षेत्र में घर- घर जाकर मतदाताओं के बीच पर्ची वितरण करेंगे तथा सेक्टर पदाधिकारी वितरण वितरण कार्य की निगरानी एवं अनुश्रवण करेंगे। मतदाता पर्ची वितरण का बीएलओ प्रति दिन प्रखंड कार्यालय को जानकारी देंगे। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्रवण कुमार, बीपीएम शिक्षा आशीष रंजन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नरेश प्रसाद, प्राणनाथ उपाध्याय आदि उपस्थित थे।




## अभी भी कई मतदान केंद्रों पर नहीं है बुनियादी सुविधाएं

**हसनपुरा (सिवान)** = लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुश्तैद है। चुनाव से संबंधित तैयारियों में जुटा हुआ है। बीडीओ, सीओ, थानाध्यक्ष सहित नोडल अधिकारी लगातार क्षेत्र के संबंधित सभी मतदान केंद्रों का दौरान कर वहां बुनियादी सुविधाओं यथा रैंप, बिजली, पेयजल, शौचालय आदि का जायजा ले रहे हैं। साथ ही संबंधित विभाग को सुव्यवस्थित करने के लिए तलब किया जा रहा है। इसके बावजूद प्रखंड के हरपुर कोटवा पंचायत के पसिवड़ स्थित मतदान केंद्र 72 सामुदायिक भवन पर शुद्ध पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं हो पाई है। प्राथमिक विद्यालय मेरही का एक माह से चापाकल खराब है। इस दौरान बीडीओ राजेश्वर राम ने बताया कि उक्त मतदान केंद्र पर पेयजल व शौचालय निर्माण के लिए पीएचईडी के कनीय अभियंता को बोला गया।